दिनांक 02.02.2026 को मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction Of Block-Cum-Circle Office Building(G+2) At-GIRIYAK, Nalanda कार्य के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

(i) श्री ब्रजेश कुमार, - अध्यक्ष
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) श्री सुभाष कुमार, - सदस्य
अधीक्षण अभियंता,
पटना भवन अंचल, पटना।

(iii) श्री शोभनाथ कुमार, - सदस्य
कार्यपालक अभियंता,
नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | Construction Of Block-Cum-Circle Office Building(G+2) At-GIRIYAK, Nalanda |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹16.621 करोड़ (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक 3556556 दिनांक 10.01.2025) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹12,70,32,879.00 (मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 843(नि0)अनु0 दिनांक 04.07.2025) |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि (विद्युत कार्य सहित) | - | ₹12,31,48,757.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 17.11.2025 |
| 6. | कार्य की अवधि | - | 12(बारह) माह |
| 7. | निविदा प्राप्त करने की प्रारंभ तिथि | - | 03.12.2025 |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 30.12.2025 |
| 9. | प्री-बीड की बैठक की तिथि एवं समय | - | दिनांक 19.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 13.12.2025 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | टेन्डर आई0डी0 | - | 118965 |
| 12. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** BALKRISHNA BHALOTIA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, JAMUI BAZAR SHOWROOM NEAR JAMUI POLICE STATION BIHAR-811307<br>**(II)** BIPIN BUILDTECH PRIVATE LIMITED, C/O BIPIN KUMAR, HANUMAN NAGAR, NEW AREA, GONDAPUR, NAWADA, BIHAR-805110<br>**(III)** BIRAMPUR CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FLAT NO. 205 NILGIRI BHAWAN, WEST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001<br>**(IV)** TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, VILL:DEODHA, POST: MAHANANDPUR, PS: DEEPNAGAR BIHARSHARIF NALANDA-803101<br>**(V)** SURENDRA PRASAD AND COMPANY, ANANDPURA, PO:KADIRGUNJ, DIST: NAWADA-805104<br>**(VI)** PRASAD BUILDERS, LOHARAKOCHA LALPUR, RANCHI, JHARKHAND |

13. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा को दिनांक 23.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में प्रथमवार आमंत्रित निविदा में एकल निविदाकार **"रिस्पॉन्सिव"** पाये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना संख्या-7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान के आलोक में रद्द करने एवं शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की द्वितीय निविदा में उपरोक्त छः निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। छः निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 21 अनु0 दिनांक 06.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा छः निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों का तकनीकी मूल्यांकन ई-टेन्डर मॉड्यूल में अपलोडेड Bidding Document के आधार पर इस शर्त के साथ की गयी कि सभी निविदाकार द्वारा समर्पित किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को जाँच/सत्यापन में उनका कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र यदि जाँच/सत्यापन में फर्जी/जाली पाया जाता है, तो संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया गया कि:-

**निविदाकार** **BALKRISHNA BHALOTIA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, JAMUI BAZAR SHOWROOM NEAR JAMUI POLICE STATION BIHAR-811307** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**निविदाकार** **BIPIN BUILDTECH PRIVATE LIMITED, C/O BIPIN KUMAR, HANUMAN NAGAR, NEW AREA, GONDAPUR, NAWADA, BIHAR-805110** द्वारा M/S Bipin Kumar के Assets, Liability and Experience को अधिग्रहित करने का दावा किया गया है। उक्त अभिलेखों पर कम्पनी सचिव, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना से प्राप्त मंतव्य अनुसार "M/S Bipin Buildtech Private Limited द्वारा M/S Bipin Kumar (Proprietorship Firm) को अधिग्रहण से संबंधित अनुपालन का तकनीकी बीड में कोई साक्ष्य संलग्न नही किया गया है। अतएव निविदाकार M/S Bipin Buildtech Private Limited के तकनीकी बीड मूल्यांकन में M/S Bipin Kumar (Proprietorship Firm) का अनुभव विचारणीय नहीं होगा।"

तदनुसार निविदाकार Bipin Buildtech Private Limited के स्वयं के अनुभव प्रमाण-पत्रों के आधार पर ही तकनीकी बीड की जाँच की गयी एवं पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) एवं 4.5A(c) अंतर्गत मांगे गये आवश्यक समान प्रकृति के कार्य अनुभव के विरूद्ध समर्पित कोई भी अभिलेख M/S Bipin Buildtech Private Limited के नाम से निर्गत नहीं है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया।

**निविदाकार** **BIRAMPUR CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FLAT NO. 205 NILGIRI BHAWAN, WEST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**निविदाकार** **TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, VILL:DEODHA, POST: MAHANANDPUR, PS: DEEPNAGAR BIHARSHARIF NALANDA-803101** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। समर्पित अभिलेखों के आधार पर गणना करने पर Bidding Capacity ₹32,41,62,694.00 मात्र आती है। दिनांक 02.01.2026 एवं दिनांक 16.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में **निविदाकार** **TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED** को क्रमशः Construction of Officers Residential Building for Commercial Sale Tax Department under, Dist.-Nalanda for the Year 2025-26 के निर्माण हेतु ₹6,45,40,261.00 एवं गयाजी जिला अंतर्गत मानपुर प्रखंड में प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण हेतु ₹12,23,98,733.00 मात्र पर कार्य आवंटित किये गये हैं। CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN AT OAP, GAMHAR & AUNGARI PANCHYAT UNDER EKANGARSARAI BLOCK IN DIST:- NALANDA FOR THE YEAR 2024-25 कार्य की निविदा में उपरोक्त निविदाकार द्वारा न्यूनतम दर ₹6,58,19,213.44 मात्र उद्यृत किया गया है।

इस प्रकार उक्त तीनों कार्यों सहित वर्तमान में निविदाकार की Bidding Capacity ₹7,14,04,486.56 मात्र हो जाती है, जो कि वांछित अर्हता ₹12,31,48,757.00 से कम है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**निविदाकार** **SURENDRA PRASAD AND COMPANY, ANANDPURA, PO:KADIRGUNJ, DIST: NAWADA-805104** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

**निविदाकार** **PRASAD BUILDERS, LOHARAKOCHA LALPUR, RANCHI, JHARKHAND** द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई-निविदा के तहत मांगे गये सभी अभिलेखों को समर्पित किया गया है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया।

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार **BIPIN BUILDTECH PRIVATE LIMITED, C/O BIPIN KUMAR, HANUMAN NAGAR, NEW AREA, GONDAPUR, NAWADA, BIHAR-805110** एवं **TARNI CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, VILL:DEODHA, POST: MAHANANDPUR, PS: DEEPNAGAR BIHARSHARIF NALANDA-803101** को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नन-रिस्पॉन्सिव"** पाये जाने उपरान्त असफल करने तथा निविदाकारः-

(I) BALKRISHNA BHALOTIA CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, JAMUI BAZAR SHOWROOM NEAR JAMUI POLICE STATION BIHAR-811307

(II) BIRAMPUR CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, FLAT NO. 205 NILGIRI BHAWAN, WEST BORING CANAL ROAD, PATNA-800001

(III) SURENDRA PRASAD AND COMPANY, ANANDPURA, PO:KADIRGUNJ, DIST: NAWADA-805104

(IV) PRASAD BUILDERS, LOHARAKOCHA LALPUR, RANCHI, JHARKHAND को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** पाये जाने उपरान्त सफल करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी मूल्यांकन पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु दिनांक 09.02.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन तक विभागीय वेबसाईट पर रखने का निर्णय लिया गया। यदि निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय में अथवा ईमेल (cepatna.bcd@gmail.com) पर प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता (पटना) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। यदि निर्धारित तिथि एवं समय तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं होता है, तो मुख्य अभियंता(पटना) आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"रिस्पॉन्सिव"** निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| (शोभनाथ कुमार) | (सुभाष कुमार) | (ब्रजेश कुमार) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(पटना), |
| नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ | पटना भवन अंचल, पटना | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-01-14/2025-350(P) पटना, दिनांक- 02/02/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना